Mail

# दिनांक 15.06.2026 को माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बिहार राज्य के स्वास्थ्य तंत्र के डिजिटाईजेशन हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के संबंध में आहूत बैठक की कार्यवाही।

---

**उपस्थिति:–**

1 सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।
2. सभी सिविल सर्जन एवं संबंधित टीम, (विडियो कॉफ्रेन्सिग के माध्यम से) स्वास्थ्य विभाग, बिहार।
3. संयुक्त सचिव–सह–प्रभारी प्रदाधिकारी, कमाड एड कट्रोल सेंटर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।
4. सदस्यगण, कोर टीम, कमांड एड कंट्रोल सेंटर, पटना।

उक्त बैठक में माननीय मंत्री, (स्वास्थ्य) द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना स्थापित कमांड एंड कट्रोल सेंटर से राज्य के अस्पतालों मे हो रहे स्वास्थ्य सेवाओं का कार्य तथा उसे और भी सुदृढीकरण बनाने हेतु कतिपय विषयों पर समीक्षा की गई :–

**उद्देश्य:–** बिहार के सभी जिला अस्पतालों को सुदृढ बनाना तथा PMCH, NMCH और IGIMS जैसे बडे अस्पतालों मे किये जा रहे रेफरल को कम करना।

- बैठक के दौरान जिला स्तर से मरीजों के रेफरल मे कमी करने के उद्देश्य एव जिला के अस्पतालों द्वारा अधिकतम मामलो का स्थानीय स्तर पर उपचार करने हेतु सभी प्रकार के साधन जिसमे–
  - आपातकालीन एव गंभीर चिकित्सा तैयारी
  - सर्पदश के मामले
  - विषाक्तता (Poisoning) के मामले
  - आग्नेयास्त्र से होने वाली घटनाएँ
  - ट्रॉमा एवं सडक दुर्घटना के मामले
  - स्ट्रोक आपातकालीन मामले
  - वेंटिलेटर एवं क्रिटिकल केयर उपकरणों की कार्यशीलता
  - ऑपरेशन थिएटर (OT) की कार्यक्षमता बढाना
  - प्रभावी ट्रायेज प्रणाली (लाल, पीला एवं हरा क्षेत्र) स्थापित करना
  - पैथोलॉजी एवं प्रयोगशाला सेवाओं को सुदृढ करना
  - CT स्कैन एव डिजिटल एक्स–रे की उपलब्धता सुनिश्चित करना
  - दवाओ की उपलब्धता एव सेवा गुणवत्ता की निगरानी करना
  - OPD, डायग्नोस्टिक्स, ICU का पूर्ण उपयोग करना
  - डॉक्टरों की उपस्थिति एवं ड्यूटी रोस्टर का अनुपालन शामिल हैं, पर गहन चर्चा की गई।
- समीक्षा के क्रम मे समस्तीपुर तथा बक्सर के सिविल सर्जन से पृच्छा की जाने पर उनके द्वारा जेनरल सर्जरी, स्त्री रोग, अस्थि रोग, ENT, दंत चिकित्सा, मनोचिकित्सा

एवं रेडियोलॉजी विशेषज्ञों की उपलब्धता एव मरीजों के ईलाज मे आ रही समस्याओ पर चर्चा किया गया। माननीय मंत्री, स्वास्थ्य द्वारा विडियों कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्तीपुर मरीजों के परीजन से बात कर अस्पताल द्वारा मरीजों को मिल रहे आहार तथा सभी तरह के सुविधाओ के सबंध मे पूछा गया। प्राप्त जवाब संतोषजनक था।

- बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी सिविल सर्जन अपने स्तर से जिला के सदर अस्पतालो, अनुमंडलीय अस्पतालों, प्रखंड स्तरीय पी.एच.सी. / सी.एच.सी / ए पी एच सी. / एच डब्लू.सी. स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ करने का निर्देश दिया गया। राज्य के सभी अस्पतालों में (i) मरीजों को मिलने वाली सुविधाएँ (ii) अस्पताल मे होने वाली सभी तरह की सर्जरी एव उससे संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी की उपलब्धता एवं (iii) OT/ICU को सुदृढ करने तथा (iv) आपातकालीन सेवाएं जैसे सर्पदश के मामले, विषाक्तता के मामले, आग्नेयास्त्र से होने वाली घटनाएँ, ट्रॉमा एवं सडक दुर्घटना के मामले हेतु सुझाव शामिल हो, के बारे मे एक सप्ताह मे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- राज्य स्वास्थ्य समिति पटना के द्वारा राज्य के सभी अस्पतालों में होने वाली सर्जरी, उससे संबधित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी एव उपकरण के सबंध मे GAP Analysis कर सुस्पष्ट प्रतिवेदन एक सप्ताह मे देगें।
- राज्य के सभी सिविल सर्जन उपलब्ध संसाधनों से जिला स्तर पर जिला से बार के रेफरल मामले को कम करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें। इसके लिए 30 जून तक सभी सदर अस्पतालो में ICU की सुविधा सुनिश्चित करने, 15 जुलाई तक मानव बल की व्यवस्था तथा रेफरल कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिला अस्पतालों को छोडकर अन्य नीचे के अस्पतालों में 15 अगस्त तक सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**(अनुपालन– सभी सिविल सर्जन / राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार)**

**सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।**

**सचिव**
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना

**ज्ञापांक–**......685 (18) B......**पटना /** **दिनांक–**..........09/07/2026

**प्रतिलिपिः–** समीक्षा बैठक मे उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव, 2/7/2026
–सह–
प्रभारी पदाधिकारी,
कमाण्ड एड कंट्रोल सेटर,